पश्चिम मध्य रेल
West Central Railway

महाप्रबंधक कार्यालय
जनसम्पर्क विभाग
जबलपुर

# सोगरिया-गया के मध्य चलेगी पितृपक्ष साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

जबलपुर। रेल प्रशासन द्वारा अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए पितृपक्ष साप्ताहिक स्पेशल गाड़ी संख्या 09817/09818 सोगरिया-गया-सोगरिया के मध्य साप्ताहिक पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन दोनों दिशाओं में 03-03 ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। यह स्पेशल ट्रेन सोगरिया से प्रत्येक शनिवार 06 सितम्बर 2025 से एवं गया से प्रत्येक रविवार 07 सितम्बर 2025 से संचालित होगी।

यह पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन सोगरिया-गया के बीच पश्चिम मध्य रेल के बारां, सालपुरा, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों पर हाल्ट लेकर गन्तव्य को जाएगी।

**सोगरिया-गया-सोगरिया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन-**

**गाड़ी संख्या 09817 सोगरिया से गया पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को दिनांक 06 सितम्बर से 20 सितम्बर तक** से सोगरिया स्टेशन से रात 23:10 बजे प्रस्थान कर बारां 23:53 बजे, पहुंचकर अगले दिन सालपुरा मध्यरात्रि 00:28 बजे, छबरा गुगोर 00:48 बजे, रूठियाई 01:50 बजे, गुना 02:20 बजे, अशोकनगर 03:05 बजे, सागर 05:35 बजे, दमोह 06:45 बजे, कटनी 08:10 बजे, मैहर 09:40 बजे, सतना 11:00 बजे और रविवार को रात्रि 23:45 बजे गया स्टेशन पहुंचेगी।
इसी प्रकार **गाड़ी संख्या 09818 गया से सोगरिया स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को दिनांक 07 सितम्बर से 21 सितम्बर तक** गया स्टेशन से मध्यरात्रि 01:15 बजे प्रस्थान कर, दोपहर सतना 12:15 बजे, मैहर 12:58 बजे, कटनी 14:00 बजे, दमोह 15:50 बजे, सागर 16:55 बजे, अशोकनगर रात 19:38 बजे, गुना रात 20:55 बजे, रुठियाई 21:48 बजे, छबड़ा गुगोर 22:18 बजे, सालपुरा 22:33 बजे, बारां 23:13 बजे और अगले दिन मंगलवार को मध्य रात्रि 01:10 बजे सोगरिया पहुंचेगी।

**गाड़ी के हाल्ट :-** यह गाड़ी दोनों दिशाओं में बारां, सालपुरा, छबरा गुगोर, रूठियाई, गुना, अशोकनगर, सागर, दमोह, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम, डेहरी आन सोन एवं अनुग्रह नारायण रोड़ स्टेशनों पर रुकेगी।

**कोच सरंचना :-** इस गाड़ी में 01 वातानुकूलित प्रथम श्रेणी, 02 वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी, 05 वातानुकूलित तृतीय श्रेणी, 01 वातानुकूलित इकोनॉमी तृतीय श्रेणी, 07 शयनयान श्रेणी, 04 सामान्य श्रेणी एवं 01 एसएलआरडी, 01 जनरेटर कार सहित कुल 22 कोच होंगे।

इस पितृपक्ष स्पेशल ट्रेन के ठहराव, कोच संरचना और समय के बारे में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

---

संख्या : पमरे/मुख्या/मुजसअधि/प्रेस विज्ञप्ति/326/2025 दिनांक 23.08.2025
सम्माननीय संपादक, कृपया जनहित में उपरोक्त समाचार अपने लोकप्रिय दैनिक समाचार पत्र में प्रकाशित कर सहयोग प्रदान करें।

मुख्य जनसंपर्क अधिकार
पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर